दैनिक नवज्योति
24-3-2015

पशु सहायकों का प्रशिक्षण शुरू

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बीकानेर

केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान सीएसडब्ल्यूआरआई मरू क्षेत्रीय परिसर में जलग्रहण परियोजना में कार्य कर रहे पशुधन सहायकों के लिए 'वर्तामान परिवेश में पशुपालन की समस्याएं एवं समाधान' पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को शुरू हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सीएसडब्ल्यूआरआई बीकानेर उप केन्द्र के हैड डा.ए.के.पटेल थे।

डॉ. पटेल ने पशुओं की घटती संख्या व पशुपालन के प्रति बढ़ती अरुचि का कारण घटते चारागाह, पशुओं की बिगड़ती नस्लों को बताया। विशिष्ट अतिथि जलग्रहण परियोजना बीकानेर के प्रोजेक्ट मैनेजर व अधीक्षण अभियंता एस.आर.बंजारा ने पशु सहायकों को नस्ल सुधार, उन्नत पशु पोषण व्यरवस्था, कृत्रिम गर्भधान व विभिन्नि बीमारियों के उपचार आदि तकनीकियों को सीखने पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉ. एच.के.नरूला डा.आशीष चौपड़ा, डॉ. पी. सी. नायक, डॉ. मोहम्मद अयूब ने भी विचार रखे।

राजस्थान पत्रिका
24-3-2015

news

पशुपालन को व्यवसाय बनाने पर जोर

बीकानेर केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, मरू क्षेत्रीय परिसर में यहां पशुधन सहायकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण के उदघाट्न समारोह में मुख्य अतिथि डा. एके पटेल, प्रभागाध्यक्ष ने पशुपालन को व्यवसाय के रूप में लेने पर जोर दिया। विशिष्ट .अतिथि एसआर बंजारा, अधीक्षक अभियन्ता, वाटर शेड सेल कम डाटा सेंटर बीकानेर ने नस्ल सुधार, उन्नत पशु पोषण व्यवस्था, कृत्रिम गर्भधान व विभिन्न बीमारियों के उपचार आदि सीखने पर बल दिया।